तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री से.
न्यूनतम 15.7 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

12 बरसात से अनाज मंडियों में धान खराब, गीली बोरियों ..



12 हनुमान की भव्य झांकी में उमड़ी श्रद्धालुओं ...



खबर संक्षेप

रंजिश में दो भाइयों पर कटर से हमला, केस

यमुनानगर। शहर के पुराना हमीदा में टावर के पास रंजिश के चलते आधा दर्जन युवकों ने दो भाइयों पर कटर से हमला कर दिया। इसमें बाल्मीकि बस्ती निवासी रिहान और फरहान घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। रिहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसके भाई फरहान की कैफ और अयान से कहासुनी हुई थी। 14 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे कैफ ने अपने भाई अयान, आरिश, मनु, निहाल और रहीम के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिला लापता

यमुनानगर। गांव टोपरा कलां में लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली 40 वर्षीय महिला बिना बताए घर से गायब हो गई। पुलिस ने महिला के पार्टनर की शिकायत पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। गांव टोपरा कलां निवासी कुलविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 40 वर्षीय राजबाला उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी। 14 अक्टूबर को वह किसी काम से घर से बाहर गया था। जब वह वापस लौटा तो राजबाला घर पर नहीं थी। उसने इधर उधर काफी तलाश की मगर राजबाला का कुछ भी पता नहीं चला। उसने राजबाला के गायब होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

दुकान का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी

यमुनानगर। जगाधरी के गौरी शंकर मंदिर के नजदीक स्थित दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने गल्ले से 20 हजार रुपये कैश व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गौरी शंकर मंदिर जगाधरी निवासी हर्ष गुप्ता ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी घर के नजदीक दुकान है। 14 अक्टूबर को रात 10 बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया था। अगले दिन सुबह 10 बजे जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान के गल्ले से 20 हजार रुपये, 1500 रुपये नोटों के दो हार तथा अन्य सामान गायब मिला।

डंफर ने यूपी प्रवासी कारीगर को कुचला

पानीपत। पानीपत के बबैल बाइपास पर शुक्रवार की दोपहर को डंपर ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। डंपर का पहिया युवक के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के रामड़ा गांव निवासी अफसरून के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अफसरून पानीपत की एक फैक्ट्री में टैक्सटाइल का मास्टर कारीगर
के रूप में काम करता था।

झूठी निकली 10 लाख की लूट की घटना

पानीपत। पानीपत के थाना चांदनी बाग क्षेत्र में फॉरेक्स एंड ट्रैवल्स कंपनी के कर्मचारियों पर 10 लाख रुपये हड़पने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ने का आरोप लगा है। पुलिस ने कंपनी मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सेक्टर-25 निवासी सुरेंद्र सिंह गर्ग ने बताया कि उनकी वरदान फॉरेक्स एंड ट्रैवल्स कंपनी में हर्ष और प्रहलाद डिलीवरी कैश का काम करते हैं। 8 सितंबर को दोनों को 10 लाख रुपये देकर शक्ति नामक व्यक्ति को सौंपने भेजा था। रकम नहीं पहुंची तो पूछताछ की गई। एसडीवीएम स्कूल के पास बाइक सवार दो युवकों द्वारा बैग लूटने की कहानी सुनाई। कंपनी मालिक को शक होने पर जांच की गई तो लूट की कहानी फर्जी निकली। आरोप है कि हर्ष ने रुपये हड़पने के लिए साजिश रची थी।

लॉ विभाग से कुलपति कार्यालय तक निकाला रोष मार्च

कुवि में प्रोफेसर से मारपीट के विरोध में धरना-प्रदर्शन

- वीसी कार्यालय के सामने धरना देकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग
- बाहरी लोगों और वाहनों की आवाजाही पर निगरानी बढ़ाने की उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के साथ मारपीट और छात्राओं को स्कॉर्पियो से टक्कर मारने की घटना के विरोध में शुक्रवार को विद्यार्थी और प्रोफेसर सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने लॉ विभाग से कुलपति कार्यालय तक रोष मार्च निकाला और वीसी कार्यालय के सामने स्थित चौक पर धरना देकर विरोध जताया। विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और बाहरी लोगों की आवाजाही पर निगरानी बढ़ाने की मांग की। मामला 14 अक्टूबर का है। आरोप है कि काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार कुछ बाहरी युवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में जा रही दो छात्राओं को टक्कर मार दी। इसके बाद विरोध करने पर बीच-बचाव करने आए लॉ विभाग के एक प्रोफेसर के साथ मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



कुरुक्षेत्र। वीसी कार्यालय के सामने स्थित चौक पर धरना देकर विरोध जताते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शनकारियों ने घटना पर नाराजगी जताई

शुक्रवार दोपहर विद्यार्थी लॉ विभाग में एकत्रित हुए। इसके बाद उन्होंने कुलपति कार्यालय तक रोष मार्च निकाला और वहां धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करने और बाहरी वाहनों व व्यक्तियों की आवाजाही पर प्रभावी निगरानी रखने की मांग उठाई।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालय में बाहरी लोगों और वाहनों की आवाजाही पर प्रभावी निगरानी होनी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। विद्यार्थियों का कहना है कि शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं और कार्यरत शिक्षकों को सुरक्षित माहौल मिलना जरूरी है। घटना के बाद परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और बाहरी लोगों के प्रवेश को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही, विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वारों पर निगरानी बढ़ाने, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की समीक्षा करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उनका कहना है कि सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करके ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकती है। घटना को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बीच नाराजगी बनी हुई है।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण ने किया कन्या स्कूल का निरीक्षण

स्कूल में सफाई व्यवस्था मिली खराब प्रिंसिपल को नोटिस के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण ने शुक्रवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर का निरीक्षण किया। स्कूल में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित पार्षद को फोन कर नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, प्रिंसिपल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चेयरपर्सन ने स्कूल में मरम्मत एवं रखरखाव, पॉक्सो कमेटी, स्टॉक रजिस्टर और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और स्मार्ट बोर्ड की कार्यप्रणाली भी देखी।



मिड-डे मील का भोजन चखा

चेयरपर्सन ने स्कूल की रसोई का निरीक्षण कर मिड-डे मील का भोजन स्वयं चखकर उसकी गुणवत्ता जांची। उन्होंने निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाने और स्वच्छता का ध्यान रखने के निर्देश दिए

चार अन्य संस्थानों का भी किया निरीक्षण

तृप्ति श्योराण ने जिला जेल, गांव रतनगढ़ स्थित आंगनवाड़ी केंद्र, जिला नागरिक अस्पताल और श्रद्धानंद बालाश्रम का भी निरीक्षण किया। बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

यमुनानगर। जगाधरी रोड पर गांव कलानौर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार 47 वर्षीय देवेंद्र कुमार की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार नवलेश कुमार घायल हो गया। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव मेहर माजरा निवासी गोपाल ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े आठ बजे उसके मामा देवेंद्र कुमार बाइक से जा रहे थे। गांव कलानौर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में देवेंद्र और जोगिंदर नगर निवासी नवलेश घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

पेट्रोल पंप की डीलरशिप के नाम पर 60 लाख की ठगी

अंबाला। पेट्रोल पंप की डीलरशिप दिलाने के नाम पर कैथल के एक व्यापारी से 60 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि गुरुग्राम निवासी उमंग चौधरी ने रुपये वापस मांगने पर फर्जी चेक दिए और झूठे मुकदमों में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। सीआईए-1 की जांच के बाद थाना बलदेव नगर में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का केस दर्ज किया गया है। कैथल के आदर्श नगर निवासी अनुराग गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मई 2025 में उनकी मुलाकात उमंग चौधरी से हुई थी। आरोपी ने खुद को गुरुग्राम स्थित मैसर्स ऋतु फ्यूल जंक्शन पेट्रोल पंप का मालिक बताया और डीलरशिप दिलाने के नाम पर 60 लाख रुपये मांगे। शिकायत के अनुसार, उन्होंने मई 2025 में जगगी सिटी सेंटर के पास आरोपी को नकद राशि दी थी। जांच अधिकारी एएसआई कंवलजीत सिंह ने बताया कि मामले में कॉल डिटेल रिकॉर्ड और बैंक खातों की जांच की जा रही है।

अंबाला: मारुति 800 कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला

अंबाला। अंबाला शहर के आर्य चौक पर शुक्रवार को एक मारुति 800 कार में अचानक आग लग गई। कार के इंजन से पहले धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में आग भड़क उठी। मौके पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने राहगीरों की मदद से आग पर काबू पाया।इस दौरान वहां से गुजर रहे पानी के कैंपर वाले ई-रिक्शा को रुकवाकर पानी लिया गया और कार में लगी आग को बुझाया। घटना में ड्राइवर सुरक्षित बच गया और कोई जनहानि नहीं हुई। कार ड्राइवर के अनुसार वह अंबाला शहर का रहने वाला है। आर्य चौक के पास पहुंचने पर अचानक कार गर्म होने लगी। उसने गाड़ी सड़क किनारे की लेकिन इसी दौरान इंजन से धुआं निकलने लगा और कार में आग लग गई। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आर्य चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने बताया कि वे चौक पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान मुड़ते समय कार में आग लग गई। पुलिसकर्मियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार के गेट खुलवाए और बोनट उठाकर पानी डाला। इसी बीच वहां से गुजर रहे पानी के कैंपर वाले ई-रिक्शा को रुकवाया गया। उसमें मौजूद पानी की मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिसकर्मी के मुताबिक ड्राइवर आग लगते ही कार से बाहर निकल गया था। पुलिस और राहगीरों ने मिलकर आग बुझाई। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

- ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने राहगीरों की मदद से पानी डालकर आग पर पाया काबू

अंबाला: रेलवे स्टेशन के शौचालय में मिला 23 वर्षीय युवक का शव

अंबाला। अंबाला छावनी के रेलवे स्टेशन के एंट्री गेट के पास बने शौचालय में 23 साल के युवक का शव मिला। युवक का शव शौचालय के अंदर बने टॉयलेट में मुंह के बल पड़ा था। सूचना मिलने पर जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतक की पहचान पंजाब के पटियाला जिले के गांव बलबेहड़ा के गुरमीत वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव के पास मिले मोबाइल फोन के जरिए परिजनों को सूचना दी। इसके बाद मृतक के पिता भारत वर्मा और बड़े भाई ने अंबाला कैंट जीआरपी थाने पहुंचकर शव की पहचान की। पुलिस के अनुसार, रेलवे मेमो, घटनास्थल के हालात, शव के निरीक्षण और परिजनों व गवाहों के बयानों के आधार पर मौत किसी बीमारी के कारण प्राकृतिक रूप से होने की आशंका है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि गुरमीत वर्मा हार्वेस्टर मशीन चलाने का काम करता था। वह काम के सिलसिले में महाराष्ट्र जाने के लिए 14 अक्तूबर को घर से निकला था। अब उसका शव स्टेशन के शौचालय में मिला।

सुलभ शौचालय के कर्मचारी अमन मौर्य की सूचना पर जीआरपी ने कार्रवाई की। पुलिस ने अंबाला कैंट सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया।

- काम के सिलसिले में महाराष्ट्र जाने के लिए 14 अक्टूबर को घर से निकला था युवक

जुआ खेलते 14 युवक गिरफ्तार 1.87 लाख रुपये की नकदी बरामद



करनाल। पुलिस चौकी सदर बाजार के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शालीमार कॉलोनी स्थित एक मकान में छापेमारी कर जुआ खेलते हुए 14 युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से जुए में इस्तेमाल किए जा रहे 751 ताश के पत्ते और दांव पर लगी 1 लाख 87 हजार 350 रुपये की नकदी बरामद की। सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस, के नेतृत्व में जुआ, सट्टेबाजी और अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत देर रात गश्त के दौरान पुलिस टीम को शालीमार कॉलोनी के एक मकान में 14 युवकों के जुआ खेलने की गुप्त सूचना मिली। टीम ने तुरंत दबिश देकर सभी को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरुण, निवासी गली नंबर-1, शक्तिनगर, रामनगर; कपिल, निवासी काछवा रोड, रामनगर; नरेंद्र कुमार राजेश, निवासी वास्तु सोसाइटी, सेक्टर-35; नवीन, निवासी प्रेम नगर; रवि , अभिषेक, मांगे राम और प्रवीण पुत्र मैयालाल, निवासी हांसी रोड; अश्वनी कुमार, निवासी शिव कॉलोनी; मिंटू और अजय, निवासी गप्पू वाला बाग, शिवाजी कॉलोनी; राजकुमार , निवासी हांसी रोड; तथा अजीत, निवासी शिवाजी कॉलोनी, विश्वकर्मा मंदिर के नजदीक, करनाल के रूप में हुई।

टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में आग, दो मजदूर झुलसे



यमुनानगर। जिले छछरौली क्षेत्र के गांव बलाचौर स्थित टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह अचानक धमाके के साथ आग लग गई। आग की लपटों में टायरों समेत लाखों रुपये का अन्य सामान जल गया। वहीं, आग लगने से दो मजदूर भी झुलसने से घायल गए। दोनों मजदूरों को अस्पताल में भरती करवाया गया। जानकारी के मुताबिक गांव बलाचौर में टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री है। शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब अचानक फैक्ट्री में एक तेज धमाका हुआ। बताया गया है कि फैक्ट्री में गैस बैलून फटने से धमाका हुआ है। हालांकि इसकी जांच की जा रही है। दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्त के बाद आग को बुझाया गया। जब तक आग को बुझाया गया तब तक फैक्ट्री में एक ट्रक और वहां रखे टायर जल गए। जिनके जलने से लाखों का नुक्सान हुआ। फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर हरबंस व लेखराज ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह फैक्टरी परिसर में बने कमरे आराम कर रहे थे। इस दौरान तेज धमाका हुआ। वह तुरंत कमरे से बाहर निकले तो फैक्ट्री में आग की लपटें उठ रही थी। उन्होंने बताया कि आग लपटों की चपेट में आने से जिला लखीमपुर यूपी निवासी महेश व ट्रक चालक झुलस गया। जिन्हें अस्पताल में भरती करवाया गया। छछरौली थाना प्रभारी वेदपाल ने बताया कि फैक्टरी में धमाका कैसे हुए और आग कैसे लगी के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही सही जानकारी मिलने की संभावना है।

हरियाणवी लोक संस्कृति और पारंपरिक वाद्य कला को बढ़ावा देने की पहल

राज्य स्तरीय नगाड़ा प्रतियोगिता में 20 दलों ने दिखाई प्रतिभा

प्रथम विजेता दल को 75 हजार, दूसरे को 65 हजार और तीसरे को मिलेंगे 55 हजार रुपये

पद्मश्री महाबीर गुड्डू समेत तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने किया मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा की लोक संस्कृति और पारंपरिक वाद्य कला को बढ़ावा देने के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से हरियाणा कला परिषद की भरत मुनि रंगशाला में राज्य स्तरीय नगाड़ा (बंचारी) प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 20 दलों ने नगाड़ा वादन की प्रस्तुतियों से लोक संगीत की समृद्ध परंपरा की झलक पेश की। विभाग के महानिदेशक डॉ. आदित्य दहिया के दिशा-निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कलाकारों ने हरियाणवी पगड़ी और धोती-कुर्ते जैसे पारंपरिक परिधानों में नगाड़ों के साथ बांसुरी, बीन, चिमटा और हारमोनियम की संगत से दर्शकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पद्मश्री महाबीर गुड्डू, लोक कलाकार गुलाब सिंह खंडेलवाल और प्रो. लोकेश शर्मा शामिल रहे। निर्णायकों ने कलाकारों की लय, तालमेल, पारंपरिक शैली और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया।



कुरुक्षेत्र। नगाड़ा की प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की उपनिदेशिका डॉ. दीपिका और रेणु हुड्डा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं पारंपरिक लोक कलाओं के संरक्षण और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नगाड़ा वादन हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा है और ऐसे आयोजन लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को 75 हजार रुपये, द्वितीय स्थान वाले दल को 65 हजार और तृतीय स्थान वाले दल को 55 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अलावा पांच सांत्वना पुरस्कारों के तहत चयनित प्रत्येक दल को 10 हजार रुपये मिलेंगे। निर्णायक मंडल के फैसले के बाद विजेता दलों के नाम घोषित किए जाएंगे। कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी, लेखा अधिकारी सत्यभूषण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मंच संचालन विकास ने किया। इस अवसर पर अतिथियों को शॉल और शंख भेंट कर सम्मानित किया गया।



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

अनुबंधित प्रोफेसरों के नियमितीकरण की मांग उठाएगा एचफुक्टो

कुरुक्षेत्र। हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) ने राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत पात्र अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के नियमितीकरण की मांग को एचफुक्टो के चार्टर ऑफ डिमांड्स में शामिल करने की अपील की है। एचफुक्टो के प्रदेश प्रधान एवं कूटा प्रधान प्रो. जीतेंद्र खटकर ने मांग का समर्थन करते हुए इसे सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया।हुकटा प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. श्वेता कश्यप ने कहा कि अनुबंधित शिक्षक पूर्ण शैक्षणिक योग्यता के साथ वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें रोजगार सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने नीतियों और न्यायालयों के फैसलों का हवाला देते हुए पात्र शिक्षकों के लिए स्थायी नियमितीकरण नीति बनाने की मांग की। डॉ. तनु शर्मा और डॉ. स्नेहलता ने भी शिक्षक हितों के लिए साझा संघर्ष जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. अनिल, डॉ. अश्वनी दहिया, डॉ. रविंदर जांगड़ा, डॉ. सतपाल, डॉ. संजीव ग्रेवाल, डॉ. महेश, डॉ. सरिता, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. जसबीर, डॉ. प्रयंत, डॉ. दिशा कक्कड़, डॉ. पलक बजाज, डॉ. ईशा, डॉ. शीतल, डॉ. सरिता मान, डॉ. दीपिका सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

नागरिक अस्पताल इंद्री में लगाया स्वास्थ्य शिविर

इंद्री। सेवा संकल्प अभियान के तहत उपमंडल नागरिक अस्पताल इंद्री में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में इंद्री के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि शिविर की अध्यक्षता एसएमओ डॉ. संदीप अबरोल ने की। शिविर में 214 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान ईएनटी, स्त्री रोग, मनोरोग, दंत रोग, गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) तथा गैर-संचारी रोगों से संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं।

करनाल में 46 बल्क वेस्ट जनरेटर चिह्नित

करनाल। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने निगम क्षेत्र में चिह्नित थोक कचरा उत्पादकों (बल्क वेस्ट जनरेटर्स) का पंजीकरण जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया पंजीकरण अनिवार्य है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम क्षेत्र में अब तक 46 बल्क वेस्ट जनरेटर चिह्नित किए गए हैं, जिनमें से केवल 17 संस्थानों ने पंजीकरण करवाया है। आयुक्त ने अधिकारियों को शेष पात्र संस्थानों से संपर्क कर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करवाने तथा उन्हें नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

चाइल्ड बेगिंग के सात हॉटस्पॉट चिह्नित, पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश

बच्चों से भीख मंगवाने और बाल श्रम रोकने को चलेगा अभियान

पॉक्सो मामलों में सात दिन के भीतर राहत और बिना मान्यता वाले क्रेच व प्ले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण ने कहा कि प्रदेशभर में बच्चों से भीख मंगवाने और बाल श्रम रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत करनाल से होगी। जिले में बच्चों से भीख मंगवाने के सात हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए हैं। इन स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाने और विशेष अभियान चलाकर ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। चेयरपर्सन शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान पॉक्सो अधिनियम, विशेष किशोर पुलिस इकाई, स्पॉन्सरशिप योजना, फोस्टर केयर, बाल देखभाल संस्थानों और बच्चों के अधिकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई। चेयरपर्सन ने जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों को स्पॉन्सरशिप योजना के सभी पात्र बच्चों को समय पर लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के संरक्षण और पुनर्वास से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने पर जोर दिया। दूसरे राज्यों के बच्चों को बाल कल्याण समितियों में रखने के बजाय संबंधित राज्य की बाल कल्याण समिति से समन्वय स्थापित कर उन्हें उनके गृह राज्य भेजने की प्रक्रिया अपनाने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी को जिले के सभी स्कूलों में पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाने और शिक्षकों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक स्कूल में पॉक्सो से संबंधित निर्धारित समिति का गठन हो और वह सक्रिय रूप से कार्य करे, ताकि बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े मामलों में समय पर उचित कदम उठाए जा सकें। चेयरपर्सन ने परिवहन अधिकारियों को सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत सभी स्कूल बसों और बच्चों को लाने-ले जाने में इस्तेमाल होने वाले निजी वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों की स्कूल यात्रा सुरक्षित रहे।



करनाल। अधिकारियों की बैठक में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और बाल श्रम रोकने के लिए निर्देश देतीं आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण। फोटो : हरिभूमि

लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करने के निर्देश

तृप्ति श्योराण ने पुलिस अधिकारियों को पॉक्सो अधिनियम के तहत लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित बच्चों को राहत देने में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण जल्द करवाने और अस्पताल में बेवजह इंतजार नहीं करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पॉक्सो मामलों में पीड़ितों को सात दिन के भीतर नियमानुसार राहत उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने को कहा। बजट की कमी होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से राशि उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए।

बिना मान्यता वाले क्रेच और प्ले स्कूलों पर सख्ती

तृप्ति श्योराण ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले क्रेच और प्ले स्कूलों को ही मान्यता दी जाए। बिना मान्यता वाले संस्थानों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिले के सभी प्ले स्कूलों की सूची तैयार करने और बच्चों की सुरक्षा एवं देखभाल से जुड़े मानकों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। चेयरपर्सन ने बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे सभी बच्चों का स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और किसी को भी इससे वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। साथ ही, 18 वर्ष से कम और 18 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को नियमानुसार अलग-अलग रखने के निर्देश दिए, ताकि उनकी सुरक्षा और जरूरतों का उचित ध्यान रखा जा सके।

न्यूज डायरी



मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी: राजेश

तरावड़ी। जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। मेहनत, अनुशासन, अच्छे संस्कार और ईमानदारी ही वह मजबूत आधार हैं, जिनके बल पर व्यक्ति हर क्षेत्र में स्थायी सफलता प्राप्त कर सकता है। यह शब्द जानकी राइस मिल के एमडी राजेश सिंगला ने कहे। उन्होंने कहा कि धोखा और छल-कपट से मिली सफलता अधिक समय तक नहीं टिकती, जबकि सच्चाई और समर्पण से अर्जित सम्मान जीवनभर साथ रहता है। राजेश सिंगला ने कहा कि आज कई लोग जल्दी सफलता पाने के लिए गलत रास्ता अपनाने का प्रयास करते हैं, लेकिन वास्तविक सफलता धैर्य, परिश्रम और निरंतर प्रयास से ही मिलती है। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई, व्यवसाय और नौकरी सहित हर क्षेत्र में अपने संस्कारों और चरित्र को प्राथमिकता देने की अपील की।



गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ने लगाया भंडारा

तरावड़ी। गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड परिवार की ओर से में मां बाला सुंदरी त्रिलोकपुर के पवित्र स्थान पर नवरात्रों के उपलक्ष में गैलेक्सी परिवार की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा माता जी के प्रथम मॉ नवरात्रि 11 अक्तूबर से 26 अक्तूबर चौदस तक भंडारा चलेगा। गैलेक्सी ग्रुप के एमडी कृष्ण गोयल ने बताया की मां बाला सुंदरी की असीम कृपा से और गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने पूर्वजों माता स्वर्गीय सत्या देवी पिता स्वर्गीय देवी चंद्र गोयल जी की याद में विशाल भंडारा चलाया जा रहा है। यह विशाल भंडारा रोजाना प्रातः 4:00 बजे से लेकर रात्रि 12:00 बजे तक चलता रहता है। इस भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए व्रत का भोजन भी अलग से बनाया जा रहा है। जिसमें रोजाना हजारों श्रद्धालु भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण करते हैं।



बुद्धा कॉलेज में गरबा की थाप पर झूमे विद्यार्थी

करनाल। बुद्धा कॉलेज में नवरात्रों के पावन अवसर पर 'ए हेलो' डांडिया उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह, उमंग और पारंपरिक रंगों के साथ किया गया। समारोह में भारतीय संस्कृति, भक्ति और गुजरात की पारंपरिक गरबा संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की विधिवत आरती और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस दौरान सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। समारोह में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में आकर्षक गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुतियां दीं। ढोल-नगाड़ों की गूंजती थाप और पारंपरिक संगीत की मधुर धुनों पर विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ नृत्य किया।



पत्रकारिता में करियर के नए अवसरों पर मंथन

करनाल। पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को पत्रकारिता के क्षेत्र में करियर के अवसरों और चुनौतियों पर व्याख्यान आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहयोग से कार्यक्रम कराया। 'भारत में पत्रकारिता में करियर अवसर और चुनौतियां' विषय पर आयोजित व्याख्यान में पत्रकार राहुल यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. रामधन भारद्वाज ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पत्रकारिता की व्यावहारिक दुनिया से परिचित कराना और मीडिया के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन देना है।



15 नवंबर तक पूरे करें लाइब्रेरी और शिवधाम के कार्य

करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जिले में लाइब्रेरी और शिवधाम से संबंधित विकास कार्यों को 15 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं में तेजी लाई जाए और निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रत्येक सप्ताह धरातल पर कार्यों की प्रगति दिखाई देनी चाहिए। उपायुक्त ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ये कार्य आमजन और युवाओं की सुविधाओं से जुड़े हैं, इसलिए इन्हें प्राथमिकता दी जाए और किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को फील्ड निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति जांचने और जिन गांवों में काम शुरू नहीं हुआ है, वहां जल्द काम शुरू करवाने के निर्देश दिए।



एनडीआरआई पहुंचीं डीएवी कॉलेज की छात्राएं

करनाल। कुमारी आनंद डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई), करनाल का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान, डेयरी प्रौद्योगिकी और औद्योगिक अनुप्रयोगों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रायोगिक डेयरी संयंत्र, एबीटी केंद्र और कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केंद्र सहित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने डेयरी प्रसंस्करण, उन्नत तकनीकों, गुणवत्ता मूल्यांकन, उत्पाद विकास और डेयरी उद्योग में वैज्ञानिक ज्ञान के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी प्राप्त की।



प्रताप पब्लिक स्कूल में हुई ताइक्वांडो चैंपियनशिप

तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में कक्षा पाँचवीं और छठी के विद्यार्थियों के लिए इंटर-क्लास ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी शारीरिक क्षमता, फुर्ती, एकाग्रता, आत्मविश्वास और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने ताइक्वांडो की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन करते हुए अनुशासन, साहस और आत्मरक्षा के महत्त्व को दर्शाया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना विकसित करना था। प्रतियोगिता में लड़कों का ग्रुप-1: अनाहदबीर (कक्षा छठी) ने चैंपियन का खिताब जीता, जबकि गुरसिमरन (कक्षा छठी) उपविजेता रहे। लड़कों का ग्रुप-2: गुलशन (कक्षा छठी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रभजोत (कक्षा पाँचवीं) उपविजेता रहे। लड़कों का ग्रुप-3: हेनिश (कक्षा छठी) ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि ध्रुव (कक्षा पाँचवीं) उपविजेता रहे। लड़कियों का ग्रुप-1: गुरकीरत कौर (कक्षा छठी) ने चैंपियन का खिताब जीता, जबकि अगमजोत कौर (कक्षा छठी) उपविजेता रहीं। विद्यालय के चेयरमैन हनी चौधरी ने विजेताओं को बधाई दी तथा सभी प्रतिभागियों के समर्पण और खेल भावना की सराहना की।

विधायक ने समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने सेक्टर-13 स्थित अपने कैम्प कार्यालय में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर जनसमस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनता का विश्वास, स्नेह और सहयोग ही उन्हें निरंतर जनहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। जनप्रतिनिधि के रूप में आमजन की समस्याओं को सुनना, उनके सुख-दुख में सहभागी बनना तथा उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनसेवा केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि जनता के प्रति समर्पण और जवाबदेही का संकल्प है।

मुख्य न्यायाधीश के बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत का किया भव्य स्वागत

- निफा कार्यालय में प्रितपाल सिंह पन्नु की अगुवाई में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत के बड़े भाई और सेवानिवृत्त शिक्षक मास्टर ऋषिकांत के करनाल आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। पारिवारिक कारणों से करनाल आए मास्टर ऋषिकांत निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रितपाल सिंह पन्नु के मॉडल टाउन स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां निफा की टीम ने उन्हें पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथी घनश्याम और युवा पत्रकार ललित शर्मा भी मौजूद रहे। मास्टर ऋषिकांत ने अपने छोटे भाई जस्टिस सूर्यकांत के बचपन, विद्यार्थी जीवन और अधिवक्ता के रूप में बिताए समय से जुड़े कई रोचक प्रसंग साझा किए। इस अवसर पर निफा के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट नरेश बराना, जेनेसिस क्लासेज के प्रबंध निदेशक जतिंदर अहलावत, दविंदर मोहन सिंह, निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा, उपाध्यक्ष परमजीत सिंह आहूजा, सह सचिव जसविंदर सिंह बेदी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भूपिंदर सिंह, जिला प्रधान हितेश गुप्ता, एडवोकेट मोहित और दिलप्रीत सिंह उपस्थित रहे। इसके बाद मास्टर ऋषिकांत करनाल इंटरनेशनल स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित किया।



करनाल। मास्टर ऋषिकांत का सम्मान करते निफा पदाधिकारी और सदस्य।

करनाल पुलिस ने दबोचे दो वाहन चोर, दस दो पहिया वाहन बरामद

- अंकुश कुमार के कब्जे से छह एक्टिवा और मनीष कुमार से चार मोटरसाइकिल मिलीं, चार थानों की चोरी की वारदातों से जुड़े वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला पुलिस की एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ टीम ने वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 चोरीशुदा वाहन बरामद किए हैं।

बरामद वाहनों में छह एक्टिवा और चार मोटरसाइकिल शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। स्टाफ प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग टीमें गठित की गई थीं। सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने घोघड़ीपुर बाईपास के पास रामनगर निवासी अंकुश कुमार को चोरीशुदा एक्टिवा सहित गिरफ्तार किया। जांच के दौरान उसके कब्जे से कुल छह एक्टिवा बरामद हुईं। दूसरी टीम ने मुख्य सिपाही सुखमहेन्द्र सिंह के नेतृत्व में बजीदा रोड से घरौंडा के वार्ड नंबर-1 निवासी मनीष कुमार को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित पकड़ा। उसके कब्जे से चार मोटरसाइकिल बरामद की गईं। पुलिस जांच में सभी 10 वाहन थाना शहर करनाल, थाना सिविल लाइन करनाल, थाना घरौंडा और थाना मधुबन के क्षेत्रों से चोरी हुए पाए गए। पुलिस आरोपियों से वाहन चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा और मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।



करनाल। वाहन चोरी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों से बरामद 10 दोपहिया वाहन।

युवाओं को बताए नशे के दुष्प्रभाव

करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में जिला पुलिस की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं और विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव खेड़ी नरु में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल करनाल के डॉ. हरीश चौहान और डॉ. हर्ष वत्स ने विद्यार्थियों तथा स्कूल स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ पारिवारिक तथा सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल असर डालता है। पुलिस टीम में सहायक उप निरीक्षक जगमाल सिंह, सिपाही कर्मवीर, एसपीओ रवि चौहान और विक्रम शामिल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की।



गैलेक्सी ग्रुप की कामयाबी में बुजुर्गों का आशीर्वाद

तरावड़ी। जीवन में हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि वह जिस भी व्यापार या कारोबार करने से अपने जीवन की शुरुआत करूं, भगवान मुझे उस काम में इतनी प्रसिद्धि दे कि उसके व्यापार की एक अलग पहचान बनती जाए। जब इस मामले को लेकर गलैक्सी ग्रुप के मालिक विनोद गोयल, विजय गोयल एवं कृष्ण गोयल से बात की तो उन्होंने कहा कि आज गलैक्सी ग्रूप जिस मुकाम पर पहुंचा है यह सब हमारे पिता स्वः देवी चंद गोयल एवं माता स्व. सत्या देवी गोयल से मिले आशीर्वाद के कारण संभव हो पाया है। हमारा हमेशा एक ही प्रयास रहता है कि जो चावल हम अपनी मिल में तैयार कर रहे है उसकी क्वालिटी में किसी तरह का समझौता ना हो। इसके लिए राइस मिल में आधुनिक टेस्ट लैब लगी है जिसमें चावल की गुणवत्ता की बारीकी से जांच होती है तथा उसके बाद ही चावल विदेशों में एक्स्पोर्ट होता है।



मां भगवती की चौकी में पहुंचे महापौर और विधायक

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि मां भगवती की आराधना मन को शांति, जीवन को सकारात्मक दिशा और समाजसेवा की प्रेरणा देती है। धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने के साथ समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। महापौर सेक्टर-14 स्थित श्री कृष्ण मंदिर में आदिशक्ति मां झण्डेवाली सेवा समिति की ओर से आयोजित मां भगवती की चौकी में शामिल हुईं। विधायक जगमोहन आनंद ने भी मां भगवती के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद की धर्मपत्नी रेखा आनंद, पार्षद अमृत लाल जोशी, पूर्व उपमहापौर नवीन, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, प्रियंका भारद्वाज, पूनम पांचाल सहित परिवार के सदस्य और श्रद्धालु मौजूद रहे।



विश्व खाद्य दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक खाद्य सुरक्षा, भुखमरी, कुपोषण तथा भोजन की बर्बादी जैसी गंभीर समस्याओं के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा के महत्व, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, भोजन की बचत तथा भूख-मुक्त विश्व के संदेश को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वैश्विक खाद्य सुरक्षा की समस्या पर भी प्रकाश डाला गया।

जनगणना प्रशिक्षण में मंडल आयुक्त हेमा शर्मा के सख्त निर्देश

करनाल। भारत की जनगणना-2027 के दूसरे चरण के लिए जिला और चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण जाट भवन के सम्मेलन कक्ष में दूसरे दिन भी जारी रहा। करनाल मंडल की आयुक्त हेमा शर्मा ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इससे प्राप्त आंकड़े देश की योजनाओं तथा विकास की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझने के निर्देश दिए। उन्होंने पहले दिन की जानकारी से संबंधित सवाल भी पूछे। मंडल आयुक्त ने बताया कि 10 से 24 जनवरी तक स्व-गणना होगी, जबकि 25 से 28 फरवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत लगा आईटीआई में स्वास्थ्य जांच शिविर

- रक्तचाप, शुगर सहित एचआईवी और हेपेटाइटिस की जांच
- चिकित्सकों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेवा संकल्प अभियान के तहत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। नागरिक अस्पताल की विशेषज्ञ मेडिकल टीम ने संस्थान के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ रक्त शर्करा, रक्तचाप, लंबाई और वजन मापा गया। इसके अलावा एचआईवी, हेपेटाइटिस और वीडीआरएल संबंधी परीक्षण भी किए गए। विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक जांच करवाई। चिकित्सकों ने उन्हें संतुलित खान-पान, व्यक्तिगत स्वच्छता और मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। संस्थान के प्रधानाचार्य ने नागरिक अस्पताल से पहुंचीं डॉ. श्वेता मोंगा, डॉ. तमन्ना, डॉ. जतिन तथा उनकी पूरी मेडिकल टीम और स्वास्थ्य कर्मियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि युवाओं के समग्र विकास के लिए स्वस्थ शरीर और मन आवश्यक हैं। संस्थान भविष्य में भी विद्यार्थियों और कर्मचारियों के कल्याण के लिए ऐसे शिविर आयोजित करता रहेगा।



करनाल। बाबू मूलचंद जैन आईटीआई में स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



करनाल। शहरवासियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई की। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। महापौर ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने सड़कों एवं गलियों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने, सीवरेज व्यवस्था और अन्य जनसुविधाओं से संबंधित शिकायतें रखीं। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

खबर संक्षेप

मंडियों में 1.33 लाख एमटी धान की आवक हुई

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 15 अक्टूबर तक कुल 133096 मीट्रिक टन धान की आवक हुई। इसमें से 9086 मीट्रिक टन धान पी.आर. तथा 1509 किस्म की 124010.0 मीट्रिक टन धान, सरबती शून्य मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान शून्य मीट्रिक टन व मुच्छल शून्य मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। उन्होंने बताया कि बाबरपुर मंडी में कुल 7383 मीट्रिक टन धान की आवक हुई। बापौली मंडी में कुल 4690 मीट्रिक टन धान की, इसराना मंडी में कुल 10929 मीट्रिक टन धान की, मडलौडा मंडी में कुल 11873 मीट्रिक टन धान की, पानीपत मंडी में कुल 23674 मीट्रिक टन धान की, समालखा मंडी में कुल 74547 मीट्रिक टन धान की, सनौली मंडी में कुल शून्य मीट्रिक टन धान की आवक हुई।

वेस्टर्न वोकल सोलो में आईबी कॉलेज प्रथम

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 49वें जोनल यूथ फेस्टिवल में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, यूथ फेस्टिवल के आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने वेस्टर्न वोकल सोलो में, अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता विपक्ष में प्रथम, अंग्रेजी व हिंदी प्रतियोगिता में, स्किट में द्वितीय, रासिया व वेस्टर्न ग्रुप सॉन्ग, हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा, क्ले मॉडलिंग, वन एक्ट प्ले में तृतीय स्थान प्राप्त किए। यूथ फेस्टिवल संयोजिका डॉ. किरण मदान ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह ने बधाई दी।

विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाई

पानीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने किया। स्कूल इंचार्ज सुशील कुमारी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने सेवा, स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी, विकसित भारत, मेरे सपनों का भारत देश और जन-जागरूकता का संदेश दिया। इधर, वंशिका, राधिका, लक्ष्मी, सपना, संजना, मनीष, पायल, सपना, नवप्रीत कौर, आरती, गुंजन, तन्नू, राखी शिवम ने मनमोहक रंगोली बनाई। इस मौके पर शिक्षक रमा देवी, दीपिका धवन, उमेद सिंह, विष्णु कुमार आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

पानीपत। पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। पुलिस की नशा मुक्त टीम ने नूरवाला क्षेत्र में घर घर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने घर-घर जाकर लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। लागों को बताया गया कि नशे की लत कैसे धीरे-धीरे व्यक्ति को अपने जाल में फंसा लेती है और समय रहते इससे बचाव कितना आवश्यक है। अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें और उनके साथ खुलकर संवाद करें।

पुलिस बाइक चोर को प्रोडक्शन वारंट पर लाई

पनीपत। थाना तहसील कैंप पुलिस बाइक चोरी करने के आरोपी देव सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी बुद्ध मोहल्ला खटीमा उद्धम सिंह नगर उत्तराखंड को प्रोडक्शन वारंट पर पानीपत जेल से लाई। देच ने 28 सितंबर 2026 को पुरानी तहसील के साथ स्थित मीडिया सेंटर के बाहर से एक सप्लेंडर बाइक चोरी करना स्वीकारा। थानेदार थाना तहसील कैंप बंसीलाल ने बताया कि बाइक चोरी बारे थाना तहसील कैंप में धर्मबीर सहरावत पुत्र राम मेहर निवासी गांच करहंस जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

49वें करनाल जोनल युवा महोत्सव की 22 विधाओं में प्रथम, 11 विधाओं में द्वितीय

अदम्य जज्बे के बल पर आर्य कॉलेज बना युवा महोत्सव का चैंपियन





पानीपत। आर्य कॉलेज में युवा उत्सव में अतिथि हरपाल ढांडा को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता। व आर्य कॉलेज में युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी। **फोटो : हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत में आयोजित कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के 49वें करनाल जोन के जोनल युवा महोत्सव का तीसरे दिन भव्य समापन हुआ। तीन दिन चलने वाले इस युवा महोत्सव में लगभग 47 महाविद्यालयों के 2000 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ समाजसेवी हरपाल ढांडा, विशिष्ट अतिथि के तौर पर कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एंव सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डॉ. विवेक चावला व उपनिदेशिका प्रो.डॉ. सलोनी दीवान प्रसिद्ध उद्योगपति और सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता महेंद्र सिंह, अजय गोयल, मोहन लाल गर्ग का कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य, कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता व उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व आभार व्यक्त किया। वहीं पुरस्कार वितरण समारोह पर उपस्थित रहे कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डॉ. विवेक चावला ने कहा कि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय अगर आज सांस्कृतिक गतिविधियों में पूरे भारत का सिरमोर बना हुआ है तो उसमें आर्य का कॉलेज का बहुत बडा योगदान है। उन्होंने पूरे आर्य कॉलेज परिवार और विद्यार्थियों को इस शानदार आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आर्य कॉलेज की प्रबंधन व्यवस्था के बारे में कहा कि आर्य कॉलेज की प्रबंधन व्यवस्था हर बार की तरह इस बार भी लाजवाब थी उन्होंने इस शानदार व्यवस्था के लिए आर्य कॉलेज प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया। इधर, समारोह के अंत में आर्य कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निदेशक डॉ. राम निवास ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर इसी तरह पूरी निष्ठा के साथ प्रयासरत रहेंगे।

प्रतियोगिता की विजेता टीम

वहीं, 49वें करनाल जोन के जोनल युवा महोत्सव में ओवर ऑल चैंपियन बना आर्य महाविद्यालय, आर्य कॉलेज की टीम ने 22 विधाओं में प्रथम स्थान व 11 विधाओं में द्वितीय स्थान हासिल कर एक बार फिर से नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। जबकि एसडी पीजी कॉलेज ने युवा महोत्सव में रनर अप की ट्रॉफी अपने नाम की।



पानीपत। हाली अपना स्कूल के विद्यार्थी, अतिथियों के साथ प्रसन्न मुद्रा में।

ओरल हेल्थ के प्रति हमेशा सचेत रहे: डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आदर्श सेवा सोसाइटी और शिव बाबा की रसोई एनजीओ के संयुक्त तत्त्वावधान में हाली अपना स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए एक विशेष डेंटल चेकअप (दांतों की जांच) शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. प्रशांत शर्मा, नवीन मुंजाल तथा डॉ. श्रेया मिड्ढा ने शिरकत की। डॉक्टर्स की टीम ने स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं के दांतों का बारीकी से निरीक्षण किया और उन्हें आवश्यक डॉक्टरी सलाह दी। जांच के साथ-साथ डॉक्टर्स और अतिथियों ने बच्चों को ओरल हाइजीन (मुंह की स्वच्छता) तथा समग्र स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें दिन में दो बार नियमित ब्रश करने व सही खान-पान की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों को ओरल केयर के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु उनके बीच मुफ्त टूथब्रश और टूथपेस्ट का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर स्कूल की प्रिंसिपल पूजा सैनी जी ने आए हुए सभी डॉक्टरों, अतिथियों तथा 'आदर्श सेवा सोसाइटी' व 'शिव बाबा की रसोई' एनजीओ की टीम का तहे दिल से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मधु यादव, सुजाता चौधरी, सोनी यादव सहित स्कूल का समस्त स्टाफ विशेष रूप से मौजूद रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

बच्चों को सनातन संस्कार दें : डॉ. आहूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

विश्व जागृति मिशन, पानीपत मंडल द्वारा सनातन संस्कृति संस्कार अभियान के अंतर्गत श्री सुधांशु महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से बाल संस्कार केंद्र की कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को काशीगिरी मंदिर स्कूल, पानीपत में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल की टीम और विद्यालय समिति के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में लगभग 120 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल के प्रधान डॉ. जगजीत आहूजा, कार्यकारी प्रधान यशपाल चौधरी, महामंत्री गिरीश अरोड़ा, दयानंद खुंगर और भीम डुडेजा ने किया। इस अवसर पर हरियाणा विश्व जागृति मिशन के प्रभारी आरएन रावल भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला के आरंभ में बाल संस्कार शाला की संचालिका ने सभी बच्चों को हरि ओम का ध्यान करवाया तथा सतगुरुदेव का स्मरण कराया। इसके पश्चात मां दुर्गा का ध्यान करते हुए कार्यक्रम को आध्यात्मिक वातावरण में आगे बढ़ाया गया।



पानीपत। विश्व जागृति मिशन की कार्यशाला में अतिथियों के साथ नन्हें मुन्ने विद्यार्थी।

नवदुर्गा के स्वरूपों से परिचित करवाया

बच्चों की प्रस्तुतियों में विशेष बात यह रही कि उन्होंने केवल नृत्य और अभिनय ही नहीं किया, बल्कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों का संदेश भी दिया। बच्चों को यह समझाया गया कि दूसरों को देखकर अपने आपको कम नहीं आंकना चाहिए, बल्कि अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारना चाहिए। विद्यालय के शिक्षकों ने भारतीय पर्वों और परंपराओं के माध्यम से बच्चों को नवदुर्गा के स्वरूपों तथा उनके आध्यात्मिक महत्व से परिचित कराया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों को सनातन के संस्कार दें।

धमाके के साथ गिरा बिजली का ट्रांसफार्मर

पानीपत। पानीपत के मॉडल टाउन से सटे शांति नगर क्षेत्र में रजबाहे की ओर जाने वाली एक गली में ओवरलोडिंग और बारिश के पानी के कारण बिजली के दो खंभों पर लगे ट्रांसफार्मरों में अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि खंभों के नीचे की जमीन धंस गई और वहां गहरा गड्ढा बन गया। वहीं शुक्रवार को धमाके की गूंज से आसपास के लोग सहमकर अपने घरों से बाहर निकल आए। ट्रांसफार्मर से निकलने वाली तेज चिंगारियां और रेडिएशनयुक्त एसिड पास खड़ी कारों पर भी जा गिरा। इस धमाके के चलते एक सरकारी ट्यूबवेल भी पूरी तरह खराब होकर बंद हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसा के समय अगर गली में कोई राहगीर, बच्चा या बुजुर्ग मौजूद होता, तो वह गंभीर रूप से झुलस सकता था या इस बड़े गड्ढे में गिरकर जान गंवा बैठता। गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। इधर,स्थानीय निवासियों ने बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए बताया कि निगम अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर किसी व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए पहले से लगे ट्रांसफार्मरों के पास दो और ट्रांसफार्मर रखवा दिए।

'भरत मिलाप' प्रसंग का भव्य मंचन किया

- भरत मिलाप का प्रसंग केवल एक कथा नहीं, बल्कि आज के समाज और परिवारों के लिए सबसे बड़ी सीख है

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

श्री सनातन धर्म रामलीला सभा मॉडल टाउन द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में अत्यंत भावुक, मार्मिक और प्रेरणादायी 'भरत मिलाप' प्रसंग का सफल एवं भव्य मंचन किया गया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि जब भरत को पिता महाराज दशरथ के देहावसान और प्रभु श्री राम के 14 वर्ष के वनवास का समाचार मिलता है, तो वे अत्यंत व्यथित होकर अयोध्या की राजसत्ता ठुकरा देते हैं। वहीं, मंचन में भगवान राम के रूप में बलजीत टूर्ण, भरत के रूप में गोपी काठपाल, लक्ष्मण के रूप में अनूप छाबड़ा, शत्रुघ्न के रूप में अर्जुन काठपाल, माता सीता के रूप में आकाश खुराना, महाराज दशरथ के रूप में नरेश शर्मा, माता कैकेयी के रूप में विशाल खुराना, माता कौशल्या के रूप में मदन आजाद, माता सुमित्रा के रूप में आशीष पसरीचा, महाराज जनक के रूप में नीरज सोई, कुलगुरु वशिष्ठ के रूप में सतपाल खुराना, मंत्री सुमंत के रूप में लवकेश महाजन तथा केवट के बच्चों की भूमिका में नन्हें कलाकार एधविक महाजन और विहान खुराना ने अपने सशक्त अभिनय से पूरे पंडाल को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, सभा के प्रधान तरुण गांधी ने कहा कि, "भरत मिलाप का प्रसंग केवल एक कथा नहीं, बल्कि आज के समाज और परिवारों के लिए सबसे बड़ी सीख है।



पानीपत। श्री सनातन धर्म रामलीला सभा की रामलीला में भजन गायन करते श्रद्धालु।

एसपी के साथ आईजी करनाल रेंज ने पांच नए ट्रैफिक पुलिस बूथों का शुभारंभ किया



पानीपत। पानीपत शहर की सड़कों पर आए दिन लगने वाले जाम से आमजन को राहत दिलाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पानीपत पुलिस ने एक अहम कदम उठाया है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पांच नए ट्रैफिक पुलिस बूथ शुरू किए गए हैं। इन बूथों पर हर वक्त यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जिससे पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम भी तेज होगा। वहीं, शहर के सिटी थाने के सामने फ्लाईओवर के नीचे बनाई गई नई पुलिस पोस्ट का उद्घाटन शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक अश्विन शेनवी ने किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण भी विशेष तौर पर मौजूद रहीं। आईजी ने कहा कि इससे पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम भी तेज होगा। अधिकारियों ने नव-स्थापित पुलिस बूथों का जायजा लिया और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इन बूथों के शुरू होने से अब शहर के प्रमुख मार्गों और व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक पर पैनी नजर रखी जा सकेगी और जाम की स्थिति से तुरंत निपटा जा सकेगा। इधर, शहर में जाम या ट्रैफिक संबंधी किसी भी समस्या की सूचना देने के लिए 24 घंटे सक्रिय रहने वाला कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर 1095 शुरू किया गया है, ताकि सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पुलिस बल भेजा जा सके।

लाइफ स्किल्स टू रीच द टॉप पुस्तक का विमोचन

- पानीपत निवासी पूर्व डीजीपी अशोक व वैज्ञानिक मनोचा ने संयुक्त रूप से लिखी है पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

नई दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने 'लाइफ स्किल्स टू रीच द टॉप' पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार जो जिला पानीपत के गांव कुराना के मूल निवासी है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के पूर्व वैज्ञानिक ओपी मनोचा हैं। दोनो ने इसका लेखन किया। इस अवसर पर बोट के सह-संस्थापक एवं गैर-कार्यकारी निदेशक तथा शार्क टैंक इंडिया में अपनी उपस्थिति के लिए व्यापक रूप से पहचाने जाने वाले अमन गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, अशोक गर्ग ने बताया कि एस. चंद पब्लिशिंग और आईआईटी दिल्ली एलुमनाई एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों, नौकरी तलाशने वालों और युवा पेशेवरों को ध्यान में रखकर तैयार की गई इस पुस्तक में करियर योजना, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, संवाद कौशल, पारस्परिक संबंध, तनाव प्रबंधन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ता, टीम निर्माण और निर्णय लेने सहित आवश्यक जीवन कौशलों पर विस्तार से चर्चा की गई है।



पानीपत। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, पुस्तक का विमोचन करते हुए।

डीएवी स्कूल में थर्मल में डांडिया महोत्सव की धूम



पानीपत। डीएवी पब्लिक स्कूल थर्मल में डांडिया महोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी, पारंपरिक परिधानों, मधुर संगीत और डांडिया की खनक ने विद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस सांस्कृतिक उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। वहीं, महोत्सव का एक विशेष आकर्षण विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के खाने के स्टॉल पर बच्चों, टीचर्स, अभिभावकों आदि ने विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। कार्यक्रम में अतिथि अनिल गुप्ता, सुखदेव बजाज एसइ थर्मल, मीना कंबोज डीओसी, विक्रांत ओबरॉय, डॉ प्रेरणा डावर जसमेर देशवाल सरपंच गांव मडलौडा, विशाल नारंग, संजय ओबरॉय, वीरेंद्र अत्री आदि उपस्थित रहे।

धान खरीद और उठान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जरूरत पड़ी तो ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

मडलौडा मंडी का डीसी ने किया औचक निरीक्षण

मंडियों में धान भीगने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी: डॉ. हरीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने शुक्रवार को मडलौडा अनाज मंडी का औचक निरीक्षण कर धान खरीद, फसल के उठान, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं तथा मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह करीब 10 बजे मंडी पहुंचे उपायुक्त ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि किसानों की फसल को भीगने से बचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि मंडी में अव्यवस्था या लापरवाही के कारण किसान की धान की फसल भीगती है तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त डॉ. हरीश ने मंडी में धान की ढेरियों पर पहुंचकर मॉइश्चर मीटर के माध्यम से फसल में नमी की जांच की और संबंधित अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि धान खरीद कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनावश्यक देरी अथवा किसानों को परेशान करने की शिकायत सामने नहीं आनी चाहिए। उपायुक्त ने मंडी परिसर में संचालित अटल किसान-मजदूर कैंटीन का भी निरीक्षण किया।



पानीपत। गांव मतलौडा की अनाज मंडी में धान बिक्री का जायजा लेते हुए उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ। **फोटो : हरिभूमि**

कैंटीन के रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों का सत्यापन किया

उपायुक्त ने कैंटीन के रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों का सत्यापन किया और अब तक भोजन करने वाले किसानों एवं मजदूरों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। रजिस्टर में दर्ज विवरण की पुष्टि के लिए उन्होंने संबंधित रजिस्टर को अपने साथ ले लिया, ताकि दर्ज आंकड़ों का सत्यापन किया जा सके। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों और मजदूरों के लिए संचालित सुविधाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचना चाहिए तथा इनके संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।



गांवों में सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जा रहे

पानीपत। केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं का समाधान करने और पात्र नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से गांवों में सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहा है और विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ के दिशा-निर्देशानुसार शुक्रवार को बापौली खंड के डाढोला गांव में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया।

न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत

दीपक पुत्र श्री सुन्दर दास पुत्र श्री लोकू राम निवासी मकान न. 368 सिंगला मार्किट पानीपत।

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि दीपक पुत्र श्री सुन्दर दास पुत्र श्री लोकू राम निवासी मकान न. 368 सिंगला मार्किट पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया हैं। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी का पिता श्री सुन्दर दास पुत्र पुत्र स्व. श्री लोकू राम का देहांत 18.08.2022 को देहांत हो चुका है। श्री सुन्दर दास पुत्र पुत्र स्व. श्री लोकू राम के देहांत के उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। नगर निगम पार्षद नवल जिन्दल वार्ड न. 9 पानीपत तथा नम्बरदार राजकुमार नम्बरदार गांव वाका पति राजपुताना पानीपत व पटवारी सुनील मलिक हल्का पति इन्सार पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई हैं :-

1. कमलेश पुत्री 2. पिंकी पुत्री 3. राजकुमार पुत्र 4. दीपक पुत्र कुल 4 वारिस हैं।

इनके इलावा मृतक श्री सुन्दर दास पुत्र पुत्र स्व. श्री लोक राम का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नही हैं। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा !

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 05.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

खबर संक्षेप

लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से हल करें

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जन-संवाद एवं समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निपटान करें। उपायुक्त शुक्रवार को अपने कार्यालय के सभागार में जनसंवाद एवं समाधान शिविर व पोर्टल के मध्यमों से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से इन विषयों के लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए ।

आयोग ने जारी किया वैधानिक परामर्श

अंबाला। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्रदेश के बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) में रहने वाले बच्चों की निजता, गरिमा और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए एक महत्वपूर्ण वैधानिक परामर्श जारी किया है। आयोग की अध्यक्षा तृप्ति श्योराण द्वारा बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीसीआर) अधिनियम, 2005 की धारा 13 (1) (ए) के तहत यह कदम उठाया गया है। आयोग के दौरों में यह बात सामने आई थी कि कई संस्थानों में सीसीटीवी सिस्टम को व्यक्तिगत मोबाइल फोन और लैपटॉप से जोड़ा गया है, जिससे लाइव फुटेज कहीं से भी एक्सेस, डाउनलोड या वायरल की जा सकती है, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सीसीटीवी सिस्टम, उसकी फुटेज और पासवर्ड पर केवल संस्थान के प्रभारी का नियंत्रण रहेगा तथा सांझा पासवर्ड के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

अंबाला। अंबाला शहर हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार एक विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान का संचालन डीएलएसए की लीगल एड काउंसिल व पैनल अधिवक्ता अमिता वर्मा द्वारा शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से कई महत्वपूर्ण विषयों और योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक किया।

ट्रैक की मरम्मत से चार ट्रेन एक माह के लिए रद्द

अंबाला। रेल मंडल के अंतर्गत ट्रैक रिन्यूअल का काम तेजी से चल रहा है। इसके तहत साहिबजादा अजीत सिंह नगर-करतोली रेल खंड में पीक्यूआरएस का विकास कार्य चल रहा है। रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चार पैसेंजर ट्रेनों के निरस्तीकरण को आगे बढ़ा दिया है। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक ने आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। ट्रेन संख्या 64517 अंबाला-नंगलडैम मेमू अब 14 नवंबर 2026 तक पूरी तरह रद्द रहेगी जबकि पहले इस ट्रेन को 15 अक्तूबर तक रद्द रखने का फरमान जारी किया गया था।

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन की तैयारी, बनाई जाएंगी रस्सियों की कतारें

अंबाला। दशहरा, दीपावली और छठ पूजा पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने स्टेशनों पर सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की विशेष तैयारी की है। यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के दौरान धक्का-मुक्की और भगदड़ जैसी स्थिति से बचाने के लिए प्लेटफॉर्म और फुट ओवरब्रिज पर रस्सियों से कतारें बनाई जाएंगी। वहीं, भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए 24 घंटे अधिकारी तैनात रहेंगे। आरपीएफ और जीआरपी संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगी। अंबाला मंडल में यह विशेष व्यवस्था 16 अक्तूबर से 15 नवंबर तक लागू रहेगी। उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल ने अंबाला कैंट, चंडीगढ़, सहारनपुर, सरहिंद और बठिंडा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। अपर मंडल रेल प्रबंधक देवेंद्र सिंह मीणा की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत अधिकारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में लगाई गई। अधिकारी नियमित रूप से स्टेशनों का निरीक्षण करेंगे और क्राउड कंट्रोल व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो व रिपोर्ट साझा करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

धान की बोरियां सुखाने, पलटने और दोबारा ढेर लगाने का बढ़ेगा खर्च

बरसात से मंडियों में धान खराब, गीली बोरियों में अनाज अंकुरित का खतरा, आढ़तियों की चिंता बढ़ी

- आढ़ती बोले-नुकसान की भरपाई करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बेमौसमी बरसात ने अनाज मंडियों में धान की खरीद और भंडारण व्यवस्था को लेकर आढ़तियों की चिंता बढ़ा दी है। मंडियों में सरकारी खरीद के तहत भरी गई धान की बोरियां बारिश के कारण गीली हो रही हैं। यदि समय रहते इन बोरियों को सुखाने और सुरक्षित रखने की व्यवस्था नहीं की गई तो धान में नमी बढ़ने के साथ-साथ उसके खराब होने और बोरियों के अंदर ही धान के अंकुरित होने का खतरा पैदा हो सकता है। इससे जहां सरकारी अनाज की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। इसकी वजह से आढ़तियों पर भी लाखों रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

आढ़तियों पर रखरखाव की जिम्मेदारी

आढ़तियों का कहना है कि किसान अपनी फसल मंडी में बेचकर भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद घर लौट जाता है। इसके बाद धान की बोरियों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी तब तक आढ़ती पर बनी रहती है, जब तक संबंधित राइस मिलर धान का उठान नहीं कर लेता। इस दौरान बारिश, नमी और मौसम की अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों से धान को बचाने के लिए आढ़तियों को लगातार मेहनत करनी पड़ती है। आढ़तियों के अनुसार, जब सरकार की ओर से मंडी में धान की खरीद और नीलामी की प्रक्रिया पूरी करवाई जाती है, तभी धान को बोरियों में भरने और आगे उठान के लिए तैयार करने का काम किया जाता है। इसके बावजूद उठान में देरी होने पर धान की बोरियों को सुरक्षित रखने का व्यावहारिक बोझ आढ़तियों पर पड़ता है। उनका कहना है कि बरसात जैसी प्राकृतिक परिस्थितियां किसी के नियंत्रण में नहीं हैं। ऐसे में यदि सरकारी खरीद के तहत रखा गया धान बारिश के कारण प्रभावित होता है और उसे बचाने के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है, तो इसकी जिम्मेदारी तय करने के लिए सरकार को स्पष्ट नीति बनानी चाहिए। विशेष रूप से उन मामलों में राहत दी जानी चाहिए जहां आढ़ती की लापरवाही के बजाय बारिश और उठान में देरी के कारण नुकसान हुआ हो।



अंबाला। बरसात की वजह से खराब हो रही धान की बोरियां। फोटो: हरिभूमि

बोरियां सुखाने, लगाने का बढ़ेगा खर्च

बरसात के कारण मंडियों में रखी धान की बोरियों को बचाने के लिए आढ़तियों को अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ सकती है। गीली बोरियों को सुखाना, उन्हें पलटना, दोबारा ढेर लगाना और धान को नमी से बचाने के इंतजाम करना आसान काम नहीं है। इस पूरी प्रक्रिया में मजदूरी, समय और अन्य संसाधनों पर अतिरिक्त खर्च होगा। आढ़तियों की चिंता यह भी है कि यदि धान में नमी बढ़ गई या बोरियों के भीतर धान अंकुरित होना शुरू हो गया तो उसकी गुणवत्ता खराब हो सकती है। इससे सरकारी स्टॉक को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ मंडी में काम करने वाले आढ़तियों के सामने आर्थिक और प्रशासनिक परेशानियां भी खड़ी हो सकती हैं। आढ़तियों का सवाल है कि जब धान की खरीद सरकार की व्यवस्था के तहत होती है और आगे उसका उठान संबंधित राइस मिलर द्वारा किया जाना होता है तो उठान होने तक मौसम से फसल को सुरक्षित रखने का पूरा आर्थिक बोझ आढ़तियों पर क्यों डाला जाए।

स्थायी व्यवस्था बनाने की मांग

आढ़तियों ने सरकार से मांग की है कि बरसात के कारण धान की बोरियां सुखाने, पलटने और दोबारा व्यवस्थित करने पर होने वाले अतिरिक्त खर्च की भरपाई की जाए। यदि धान की गुणवत्ता बारिश के कारण प्रभावित होती है, तो नुकसान का निष्पक्ष आकलन करवाकर उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही मंडियों में खरीदे गए धान का समय पर उठान सुनिश्चित करने, बोरियों को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम करने और प्राकृतिक आपदा के कारण होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी तय करने के लिए स्पष्ट नियम बनाने की मांग भी उठाई जा रही है। आढ़तियों का कहना है कि वे किसानों की फसल की खरीद और मंडी व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन मौसम की मार और उठान में देरी के कारण होने वाले लाखों रुपये के संभावित नुकसान को अकेले सहन करना उनके लिए मुश्किल होगा। सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से विचार कर आढ़तियों को राहत देनी चाहिए, ताकि मंडियों में धान की खरीद, भंडारण और उठान की व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहे।



बराड़ा। अनाज मंडियों का दौरा करते हुए विधायक पूजा। फोटो: हरिभूमि

समय पर भुगतान न मिलने से किसानों की बढ़ रही परेशानी

- कई अनाजमंडियों का दौरा कर किसानों से की बातचीत, बोली सरकार के तमाम दावे खोखले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

धान खरीद सीजन में किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कहीं फसल सत्यापन अधूरा है तो कहीं धान का उठान नहीं हो रहा। समय पर भुगतान न मिलने से किसानों की परेशानी बढ़ रही है। कांग्रेस विधायक पूजा ने शुक्रवार को अनाज मंडियों का दौरा करने के बाद सरकार पर य आरोप लगाए हैं। उन्होंने मंडियों में किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि किसानों को राहत देने के दावों के बीच जमीनी स्तर पर समस्याएं बरकरार हैं। विधायक पूजा ने कहा कि फसल सत्यापन पूरा नहीं होने के कारण किसानों को धान बेचने में दिक्कत आ रही है। मंडियों में उठान की रफ्तार धीमी होने से भुगतान भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार जे-फॉर्म कटने के 72 घंटे के भीतर भुगतान होना चाहिए, लेकिन खरीद प्रक्रिया में आ रही बाधाओं के कारण किसानों को उनकी मेहनत की कमाई समय पर नहीं मिल रही। अगली फसल की बिजाई नजदीक है और किसानों को खेती के खर्च पूरे करने के लिए पैसों की जरूरत है।

26 क्विंटल प्रति एकड़ की शर्त पर उठाए सवाल

विधायक ने सरकार की ओर से प्रति एकड़ 26 क्विंटल धान बेचने की सीमा पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसान अपने खेत में जितनी फसल पैदा करता है, उसकी पूरी खरीद सुनिश्चित की जानी चाहिए। ऐसी शर्तों के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार को नियमों के नाम पर किसानों की उपज की खरीद में बाधाएं पैदा करने के बजाय उनकी पूरी फसल खरीदने की व्यवस्था करनी चाहिए।

आढ़तियों की कमीशन भी लंबित होने का आरोप

पूजा ने आढ़तियों की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले सीजन की कमीशन का भुगतान भी लंबित है। उनके अनुसार, पहले आढ़तियों को ढाई प्रतिशत कमीशन मिलता था, जिसे घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया। उन्होंने सरकार से लंबित कमीशन का जल्द भुगतान करने और आढ़तियों के हितों की अनदेखी बंद करने की मांग की। विधायक ने उगाला, सरदेहड़ी, केसरी और तलहेड़ी गुजरान की मंडियों में फसल सुखाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि फड़ की कमी के चलते किसानों को मंडियों से बाहर धान सुखाना पड़ रहा है। इसके बाद फसल को दोबारा मंडी तक लाने में अतिरिक्त मेहनत और खर्च उठाना पड़ता है। कई किसानों को फसल की दुलाई के लिए दोगुना मेहनताना देना पड़ रहा है ।

प्रधान सचिव ने दो मंडियों का किया मुआयना

- खुद जांचा बोरियों का तोल, फसल में नमी को भी किया चेक, अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

खाद्य आपूर्ति एवं नियंत्रक की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार ने शुक्रवार को अंबाला शहर व छावनी में अनाजमंडियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धान की आवक, खरीद कार्य, उठान का कार्य के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर उपायुक्त सचिन गुप्ता, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम कनिका गोयल, मार्केट कमेटी चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, बलविन्द्र सिंह शाहपुर, मंडी एसोसिएशन के प्रधान मक्खन गोयल, मंडी एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग व अन्य पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। प्रधान सचिव ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले अंबाला छावनी अनाज मंडी का दौरा किया।



अंबाला। अपने सामने धान की बोरी का तोल करवाती प्रधान सचिव। फोटो: हरिभूमि

ये रहे मौजूद

प्रधान सचिव ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों की फसलों का एक-एक दाना खरीदने का काम किया जाएगा। किसानों के साथ आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी दी जाएगी। मौके पर उप चेयरमैन गुलशन कालड़ा, मंडी एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग, आढ़ती संजय गर्ग, डीएम हैफैड प्रदीप हुड्डा, डीएफएससी जितेश गोयल, जिला खेल अधिकारी रामस्वरूप, मार्केट कमेटी सचिव दलेल सिंह, व नीरज भारद्वाज भी मौजूद रहे।



19 से 23 तक फल उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण

पंचकूला। फल उत्पादन तकनीक पर होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्यान प्रशिक्षण संस्थान उचानी करनाल में आगामी सप्ताह में 19 से 23 अक्तूबर 2026 तक फल उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इच्छुक किसान उद्यान विभाग के कौशल पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फल उत्पादन की महत्वपूर्ण तकनीकों से अवगत करवाया जाएगा। जिसमें बाग स्थापना, कटाई-छटाई, सिंचाई, खाद, कीट एवं रोग प्रबंधन व विभाग अनुदान योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा प्रशिक्षण के दौरान किसानों को विभाग के फल केंद्रों का भ्रमण भी करवाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान किसाानों के लिए खाने- पीने व ठहरने की व्यवस्था पूर्णतः निशुल्क रहेगी। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को प्रथम दिन अपने जिला से संस्थान तक एवं अंतिम दिन संस्थान से अपने जिला तक हरियाणा रोडवेज की सामान्य बस का किराया भी दिया जाएगा। अधिक से अधिक किसान इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आकर फल उत्पादन तकनीकों की जानकारी लेकर लाभ ले सकते हैं।

बिना नंबर प्लेट वाहनों को नहीं मिलेगा तेल

अंबाला। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन ने एक बड़ा निर्णय लिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर बिना वैध पंजीकरण संख्या (नंबर प्लेट) वाले वाहनों को पेट्रोल, डीजल, सीएनजी या अन्य कोई भी ईंधन बेचने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार असामाजिक एवं आपराधिक तत्व बिना नंबर प्लेट के वाहनों का उपयोग चोरी, डकैती, गोलीबारी और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए कर रहे हैं।
वारदात को अंजाम देने के बाद ये अपराधी मौके से फरार हो जाते हैं जिससे पुलिस और एजेंसियों के लिए वाहनों और अपराधियों की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।
सार्वजनिक सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। अब सभी पेट्रोल पंप मालिकों, प्रबंधकों, ऑपरेटरों और कर्मचारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया गया है।

बच्चों ने रामलीला से दिया अच्छाई की जीत का संदेश

- शेमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

शेमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में दशहरा पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने रामलीला का शानदार मंचन कर सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रामायण की कथा को शुरुआत से अंत तक बेहद सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान सहित विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाई। संवादों और अभिनय के साथ बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियां भी दीं। नन्हे कलाकारों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को दशहरे के धार्मिक एवं नैतिक महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने, सत्य के मार्ग पर चलने और अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया।



बराड़ा। रामलीला का मंचन करने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम | श्रीरामा ड्रॉमेटिकल क्लब की रामलीला में हनुमान की भव्य झांकी प्रस्तुत की


हनुमान की भव्य झांकी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मन्नतें पूरी होने पर नतमस्तक हुए श्रद्धालु

पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा

- श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

श्रीरामा ड्रॉमेटिकल क्लब की रामलीला में हनुमान की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई ।यहां आयोजित रामलीला मंचन के दौरान हनुमान की भव्य झांकी निकाली गई। इसमें दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने हनुमान के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। हनुमान की 108 दीपकों से भव्य आरती की गई। इसके बाद हनुमान की आरती और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस अवसर पर हनुमान को 251 लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके अलावा 51 किलो दूध की खीर, 51 किलो फल और मिठाई का प्रसाद तैयार किया गया जिसे भक्तजनों में वितरित किया गया।इस अवसर पर शिव धाम गौरी ताल मंदिर, श्याम युवा मंडल, माता बाला सुंदरी मंदिर, बालाजी निष्काम सेवा समिति, बालाजी सेवा समिति, शिव शक्ति सेवा समिति तथा बनी वाले हनुमान समिति सहित विभिन्न धार्मिक संगठनों का सहयोग रहा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। हनुमान की भव्य झांकी के दर्शन करने के लिए रामलीला परिसर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। भक्तों में झांकी को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आयोजन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और सभी के कल्याण की प्रार्थना की।



मुलाना। हनुमान की झांकी पर मत्था टेकते लोग। फोटो: हरिभूमि

माथा टेककर हनुमान का आशीर्वाद लिया

इस दौरान धनीराम सैनी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी धार्मिक आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई। झांकी के दौरान ऐसे अनेक श्रद्धालु दरबार में पहुंचे जिन्होंने हनुमान के समक्ष अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर सुखना की थी। श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेककर हनुमान का आशीर्वाद लिया और प्रसाद अर्पित किया। इसके बाद खीर, लड्डू, मिठाई और फल का प्रसाद सभी भक्तजनों में वितरित किया गया।